Amar Ujala 3-1-26

जाला

my city

स्टार्टअप को सपोर्ट देने के लिए इंक्यूबेशन सेंटर होंगे अपग्रेड

चंडीगढ़। स्टार्टअप को सपोर्ट देने के लिए चंडीगढ़ के इंडस्ट्री डिपार्टमेंट का इंक्यूबेटर सेंटर अपग्रेड करने की योजना तैयार की जा चुकी है। इसके अंतर्गत कॉलेजों में बने इंक्यूबेटर सेंटर्स को अपग्रेड कर स्टूडेंट्स के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इंडस्ट्री डिपार्टमेंट एक साल में चार कॉलेज के इंक्यूबेटर सेंटर को अपग्रेड करने के लिए फंड देगा। इन इंक्यूबेटर सेंटर्स के माध्यम से उन छात्रों को लाभ मिल सकेगा जिनके पास आइडिया है और इसे पंख लगाना चाहते हैं।

पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज और एसडी कॉलेज में भी ऐसे इंक्यूबेटर सेंटर हैं। इंडस्ट्री डिपार्टमेंट द्वारा इन इंक्यूबेटर सेंटर्स से उनकी आवश्यकताओं की जानकारी लेकर उनकी आवश्यकता के अनुसार फंडिंग करवाई जाएगी जिससे कि यह सेंटर अत्याधुनिक हो सकें और वहां स्टूडेंट अपने आइडिया को एक मूर्त रूप प्रदान कर सकें।

इंडस्ट्री डिपार्टमेंट में पॉलिसी इंप्लीमेंटेशन यूनिट की कंसल्टेंट विजेयता शर्मा ने बताया कि कई स्टूडेंट के पास आइडिया होते हैं पर संसाधनों की वजह से वह अपने आइडिया पर वर्क नहीं कर पाए हैं। यह नया कांसेप्ट स्टूडेंट को उनके शिक्षण संस्थान में ही डवलप करने का मौका प्रदान करेगा। ब्यूरो

कॉलेजों की जरूरत के मुताबिक मिलेगी फंडिंग, स्टूडेंट्स को स्टार्टअप आइडिया विकसित करने का मिलेगा मौका

"हमारा उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इसी वजह से हम यह नया कांसेप्ट लेकर आएं हैं। इसमें स्टूडेंट को उनके संस्थान में गाइड भी मिल जाएंगे और संसाधन भी। वह अपना आइडिया डवलप कर सकेंगे। यह विकसित भारत की ओर एक और कदम है। **-पवित्र सिंह, डायरेक्टर, इंडस्ट्री, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में इंक्यूबेशन सेंटर

- यूनिवर्सिटी-3
- पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज-1
- पीजीआई-2
- चितकारा यूनिवर्सिटी-1
- एसडी कॉलेज-1